पंजाब केसरी 30/03/2026

जी.एम.एन. कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण को लेकर हस्ताक्षर व पौधारोपण अभियान आयोजित

अम्बाला, 29 मार्च (बलराम): नैशनल एजुकेशन ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित 'टू वीक चैलेंज' के समापन अवसर पर जी एम एन कॉलेज में एक प्रभावशाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के एस.डी.जी. क्लब, समाजशास्त्र विभाग, ईको क्लब व इन्क्यूबेशन सैंटर द्वारा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु एक विशेष हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों ने 'सेव एनवायरमैंट' का संदेश देते हुए हस्ताक्षर किए तथा पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर पौधारोपण अभियान भी आयोजित किया गया, जिसके तहत कॉलेज परिसर के

सेव एनवायरमैंट के दौरान हस्ताक्षर करते विद्यार्थी व पौधारोपण करते हुए प्राचार्य।

विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाए गए।

कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त, मुख्य अतिथि के तौर पर एच.एस.बी.टी.ई. के सैक्रेटरी श्री राजेश गोयल तथा पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के एसोसिएट प्रोफेसर प्रो. जगदीश चंदर मेहता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए पौधारोपण किया तथा विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों का उत्साह सराहनीय रहा। सभी ने मिलकर पर्यावरण को स्वच्छ, हरित एवं सुरक्षित बनाने का संकल्प लिया।